Workers' Compensation Board – Alberta

कर्मी
तथ्य पत्रक

# WCB-Alberta के निर्णय को चुनौती देना

**WCB** निष्पक्ष निर्णय प्रदान करने का प्रयास करती है और हमारे लिए यह महत्वपूर्ण है कि आप उन सभी निर्णयों को समझें, जो आपके दावे को प्रभावित करते हैं। यदि आप किसी निर्णय की समीक्षा चाहते हों, तो कृपया सहयोगात्मक समीक्षा प्रक्रिया का पालन करें।

## सहयोगात्मक समीक्षा प्रक्रिया

### 1. उस व्यक्ति से संपर्क करें जिसने निर्णय लिया है (निर्णायक (adjudicator) या मामला प्रबंधक (case manager) )

- वे उन सभी बातों के बारे में विस्तार से समझाएंगे जिन पर निर्णय लेने के दौरान विचार किया गया था।
- यदि कोई ऐसी अतिरिक्त जानकारी है जो निर्णय को बदल सकती है, तो **WCB** उस पर हमेशा विचार करेगी।

अगर आपको अभी भी आशंकाएं हैं, तो समीक्षा प्रक्रिया के दूसरे चरण पर जारी रखें।

### 2. समीक्षा का अनुरोध करें

इस ऑनलाइन फॉर्म को पूरा करें या आप **1-866-922-9221** पर टोल-फ्री कॉल करके पेपर संस्करण का अनुरोध कर सकते हैं।

जब **WCB** को आपका अनुरोध प्राप्त हो जाएगा, तब कोई सुपरवाइज़र संभावित समाधान की दिशा में आपके साथ कार्य करेगा। इस तरह के सहयोग से प्राय: अधिकतम मुद्दों का समाधान हो जाता है, लेकिन यदि आपको अभी भी कोई आशंका हो, तो **WCB** आपके अनुरोध को *विवाद समाधान एवं निर्णय समीक्षा निकाय **(Dispute Resolution and Decision Review Body)*** को अग्रेषित करेगी।

आपको मूल निर्णय दिए जाने की तारीख से एक वर्ष के अंदर समीक्षा का अनुरोध प्रस्तुत करना होगा।

यदि आपको अनुरोध प्रस्तुत करने में विलम्ब हो रहा हो, तो आप समयावधि को बढ़ाने के लिए **DRDRB** को लिखित में आवेदन कर सकते हैं। समयावधि को तब बढ़ाया जा सकता है, यदि **DRDRB** ऐसा मानता हो कि विलम्ब का कारण औचित्यपूर्ण है।

विलम्ब के कारणों पर विचार करते हुए प्रत्येक मामले पर गुण-दोष के अनुसार निर्णय लिया जाएगा, जैसे:

- आपको **WCB** की तरफ से यथोचित नोटिस के अभाव के कारण निर्णय की जानकारी नहीं थी और आपने निर्णय से अवगत होने के बाद समीक्षा अनुरोध दाखिल करने के लिए यथोचित एवं समय पर कदम उठाए।
- आप अपनी ओर से समीक्षा अनुरोध दाखिल करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति पर निर्भर थे जिस पर आपको विश्वास था, और जब आपको जानकारी मिली कि उस व्यक्ति ने समीक्षा अनुरोध दाखिल नहीं किया है, तो आपने समीक्षा अनुरोध दाखिल करने के लिए यथोचित एवं समयबद्ध कदम उठाए।
- आप निदान की गई मानसिक या शारीरिक अक्षमता के कारण समीक्षा का अनुरोध नहीं कर सके या आपको किसी अन्य वैध कारण से ऐसा करने से रोका गया।

आपको विलम्ब के कारण का समर्थन करने वाले दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए। समयावधि बढ़ाई जानी चाहिए या नहीं, इस पर विचार करने के लिए **DRDRB** आपके विलम्ब के कारणों और समय बढ़ाने की समग्र निष्पक्षता पर विचार करेगा।

जिन मामलों में समयावधि बढ़ाई जाती है, उनमें **DRDRB** कुछ शर्तें रख सकता है जैसे कुछेक कार्यों के लिए समय-सीमा निर्धारित करना।

### 3. विवाद समाधान एवं निर्णय समीक्षा निकाय (DRDRB) से संपर्क करें

आपकी फाइल की समीक्षा से पहले कोई समीक्षा विशेषज्ञ निम्नलिखित के संबंध में आपसे संपर्क करेगा :

- यह सुनिश्चित करना कि वे आपके विशिष्ट मुद्दों एवं आशंकाओं को समझते हैं।
- निर्णय के संबंध में आपकी समझ का निर्धारण करना।

**DRDRB** यह सुनिश्चित करेगा कि आपके मामले में विशेषज्ञ द्वारा कोई निर्धारण किए जाने से पहले आपको अपने मुद्दों को सामने रखने का स्पष्ट अवसर मिले। समीक्षा विशेषज्ञ, आपके मुद्दों के समाधान के लिए आपसे सर्वोत्तम दृष्टिकोण के निर्धारण के लिए पूछेगा। उदाहरण के लिए, ऐसे जटिल मामलों के लिए टेलीफोन/कॉन्फ्रेंस बैठक की सिफारिश की जा सकती है जिनमें सभी शामिल पक्षों के साथ निर्णय पर गहन विचार-विमर्श अपेक्षित हो। इस बिन्दु के बाद विशेषज्ञ आपकी फाइल की समीक्षा करेगा और समीक्षा पूरी हो जाने के बाद आपको लिखित में निर्णय अग्रेषित करेगा।

## DRDRB के निर्णय के संबंध में अपील करना

यदि आप हमारी समीक्षा प्रक्रिया के परिणामों से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप अपील आयोग **(Appeals Commission)** के माध्यम से **DRDRB** के निर्णय के विरुद्ध अपील कर सकते हैं। यदि **DRDRB** का निर्णय **1** सितंबर **2018** से पहले की तारीख में लिया गया है, तो आपके पास अपील आयोग को अपनी लिखित अपील जमा करने के लिए एक वर्ष का समय है। यदि यह **1** सितंबर, **2018** को या उसके बाद की तारीख का है, तो आपके पास अपनी अपील सबमिट करने के लिए दो वर्ष का समय हैं।

अपील आयोग से इस पते पर संपर्क करें :

***Appeals Commission***
***Standard Life Centre***
***#1100, 10405 Jasper Ave.***
***Edmonton AB T5J 3N4***
***www.appealscommission.ab.ca***

## आपकी दावा संबंधी फाइल

आप अपने दावे की एक प्रतिलिपि मुफ्त प्राप्त कर सकते हैं। बस हमारे ग्राहक संपर्क केन्द्र **(Customer Contact Centre)** को कॉल करें। आपकी फाइल संबंधी बाद की नवीनतम सूचनाएं मुफ्त उपलब्ध हैं।

## प्रतिनिधित्व

आप समीक्षा प्रक्रिया के दौरान कभी भी प्रतिनिधित्व प्राप्त कर सकते हैं। आपको अपनी फाइल प्राप्त करने और आपके प्रतिनिधि के रूप में कार्य करने के लिए उन्हें लिखित अनुमति उपलब्ध करानी होगी। यदि आप किसी वकील या एडेवोकेट को अपने प्रतिनिधि के रूप में चुनते हैं, तो उसके शुल्क की जिम्मेदारी आपकी होगी।

प्रतिनिधि का चयन करने से पहले आपको निम्नलिखित प्रश्न पूछने चाहिए :

- **WCB-Alberta** के साथ आपका अनुभव क्या है?
- क्या आप *कर्मचारी मुआवज़ा अधिनियम* ***(Workers' Compensation Act)*** और **WCB's** की नीतियों को जानते और समझते हैं?
- आप किस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराते हैं?
- आपकी सेवाएं कितनी हैं ?

## अपील सलाहकार का कार्यालय (Office of the Appeals Advisor) (OAA)

आप **OAA** से भी किसी प्रतिनिधि के लिए अनुरोध कर सकते हैं। समीक्षा प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर सेवाएं उपलब्ध हैं और ये ***मुफ्त*** हैं। कृपया अतिरिक्त जानकारी के लिए *www.workeradvocates.ca* पर जाएं।